(1)

प्रेषक

निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा,
शिक्षा सदन सैक्टर–5,
पंचकुला।

सेवा में

सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,

यादी क्रमांक 4/31–2013 एम.डी.एम(1)
दिनांक 26-9-2013

**विषयः–** **मिड डे मील के अर्न्तगत कुक–कम–हैल्पर के मानदेय बारे।**

-----

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के पत्र क्रमांक 4/31–2013 एम.डी.एम(1) दिनांक 20.9.2013 की निरन्तरता में।

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से आपको निर्देश दिए गए थे कि मिड डे मील स्कीम के अर्न्तगत कुक कम हैल्पर को मासिक वेतन 1150/– प्रतिमाह दिया जाना है अथवा यदि वह महीने मे दस दिन नही आता तो वह काट कर दिया जाना है। इसके अतिरिक्त आपको निदेशालय के पत्र क्रमांक 1/108–2009एम0डी0एम0(1) दिनांक 30.9.2010 अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशो को निरस्त करते हुए आपको निर्देश दिए जाते है कि आप पत्र क्रमांक 1/108–2009एम0डी0एम0(1) दिनांक 30.9.2010 के स्थान पर पत्र क्रमांक 4/27–2011एम0डी0एम0(2) दिनांक 14.12.2011 (प्रति संलग्न) अनुसार कार्यवाही करे।

इन आदेशो की दृढता से पालना सुनिश्चित करे।

**मैनेजर मिड–डे–मील,**
**कृते महानिदेशक मौलिक शिक्षा**
**हरियाणा, पंचकुला।**

प्रेषक

निदेशक मौलिक शिक्षा, हरियाणा,
पंचकुला।

सेवा में

राज्य के सभी
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

यादी क्रमांक 4/27-2011 एम0डी0एम0 (2)
दिनांक पंचकुला 14-12-2011

विषय:- **मिड-डे-मील स्कीम के तहत खाना बनाने वाले कुक/स्वयं सहायता समूहों मानदेय बारें।**

उपरोक्त विषय पर इस निदेशालय के यादी क्रमांक 1/108-2009 मिड-डे-मील (1) दिनांक 03.09.2010 (प्रति सलग्न है) की निरन्तरता में।

प्रायः देखने में आया है कि कई बार विद्यालयों में अपराहान भोजन योजना के तहत खाना नहीं बनता, कुक--कम-हैल्पर को 1000/-रूपये मानदेय दिया जा रहा है, जिस दिन मिड-डे-मील नही बनता उस दिन का मानदेय काट लिया जाता है, जबकि कुक-कम-हैल्पर की कोई गलती नही होती, यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि कुक--कम-हैल्पर को वर्ष में दस माह का वेतन ही दिया जाएगा इन्हें ग्रीष्म अवकाश व शीत कालीन अवकाश का कोई वेतन भुगतान नही किया जाएगा। अतः भविष्य में किसी भी कुक-कम-हैल्पर का मानदेय न काटा जाये जब तक कि कुक-कम-हैल्पर की गलती ना हो। यह [illegible] सुनिश्चित करें कि खाना जिस दिन विद्यालय लगता हो उस दिन अवश्य बनाया जाये।

**इन आदेशों की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करें।**

उप निदेशक मिड डे मील
कृते निदेशक मौलिक शिक्षा, हरियाणा,
पंचकुला।